भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1661 का उत्तर

यात्री संख्या/राजस्व/अधिभोग/माल ढुलाई निष्पादन संबंधी आँकड़े

1661. श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री आलोक शर्मा:
श्री खगेन मुर्मु:
श्री जनार्दन मिश्रा:
श्री विजय कुमार दूबे:
डॉ. हेमांग जोशी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार वर्तमान में यात्री संख्या, राजस्व सृजन, अधिभोग स्तर और माल ढुलाई निष्पादन - जिसमें माल ढुलाई मात्रा, माल ढुलाई दरें, वैगन टर्नअराउंड समय शामिल हैं- के आँकड़े किस प्रकार रखती है, तथा उक्त आँकड़ों की आवधिकता, सटीकता मानक और विस्तृत जानकारी का स्तर क्या है;

(ख) स्वीकृत लागत, संशोधित लागत, वास्तविक वार्षिक व्यय, वास्तविक प्रगति, कार्यान्वयन समय-सीमा और रेल परियोजनाओं में लागत वृद्धि के विवरण सहित परियोजना-वार पूँजीगत व्यय दर्ज करने के लिए अपनाई गई मानकीकृत पद्धति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव विगत दस वित्तीय वर्षों के यात्री निष्पादन, माल ढुलाई निष्पादन और परियोजना-वार पूँजीगत व्यय संबंधी आँकड़ों को संपूर्ण आँकड़ा स्कीम और मेटाडेटा के साथ मशीन-पठनीय प्रारूप में सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने का है;

(घ) यदि हाँ, तो ऐसी सार्वजनिक सुलभता को सक्षम करने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा और प्लेटफ़ॉर्म क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उक्त डेटाबेस को रोकने के क्या कारण हैं और क्या कोई नीतिगत बाधाएँ या गोपनीयता संबंधी विचार उनके प्रकटीकरण को रोकते हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): रेल मंत्रालय मुख्यतः वित्तीय, परिचालन, वाणिज्यिक, परिसंपत्ति उपयोगिता, दुर्घटनाओं तथा प्रशासनिक सांख्यिकी समेत भारतीय रेल के कार्यकलापों के विभिन्न पहलुओं से संबंधित आँकड़ों को रखता है। ये आँकड़े सभी 17 क्षेत्रीय रेलों से एकत्रित किए जाते हैं तथा सांख्यिकीय अनुदेशों की नियमावली के अनुसार केन्द्रीय स्तर पर संकलित किए जाते हैं। आँकड़ों की परिशुद्धता बनाए रखने हेतु इन संकलनों का विभिन्न स्तरों पर पुनः जांच एवं सत्यापन किया जाता है।

रेल मंत्रालय का प्रयास सदैव यह सुनिश्चित करने पर रहा है कि रेलों की कार्यप्रणाली एवं कार्य निष्पादन से संबंधित सभी आँकड़े सामान्य जनता एवं हितधारकों की जानकारी हेतु सहज रूप से उपलब्ध हो। इस उद्देश्य से, वित्तीय वर्ष 2005-06 से प्रत्येक वर्ष वार्षिक सांख्यिकीय विवरणियों सहित अन्य सांख्यिकीय प्रकाशन, जिनमें डाटा, तथ्य एवं आंकड़े रेल मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं।

परियोजना-वार ब्यौरों को भारतीय रेल इंजीनियरिंग विभाग संहिता और भारतीय रेल वित्त संहिता के कोडल प्रावधानों के अनुसार संबंधित नियमावलियों के साथ रखा जाता है।

******